ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर आधारित

NM-01

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा

समय : 3.00 घंटे | कक्षा–10 | पूर्णांक : 20+50=70

## विषय–चित्रकला

निर्देश : (क) प्रश्न–पत्र दो भागो, भाग–अ व भाग –ब में विभाजित है।

(ख) भाग–अ, दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है। इनमें से खण्ड 'क' के तीनो भागों में से किसी एक के 10 प्रश्न करने हैं। खण्ड 'ख' सभी के लिए अनिवार्य है।

(ग) भाग–ब में खण्ड 'क' के 'प्राकृतिक दृश्य चित्रण' अथवा 'आलेखन' अथवा 'प्राविधिक कला' में से केवल एक का ही चित्रण करना है। खण्ड 'ख' स्मृति चित्रण सभी के लिए अनिवार्य है।

### भाग–'अ' [ बहुविकल्पीय प्रश्न ]

### खण्ड–'क'

प्राकृतिक दृश्य चित्रण (प्रत्येक 1 अंक)

1. प्राकृतिक दृश्य चित्रण में दूर की वस्तुओं को किस प्रकार के रंगों से रंगा जाता है?
(अ) लाल रंग (ब) काला रंग (स) धुँधला तथा अस्पष्ट (द) सफेद
2. प्राकृतिक दृश्य चित्रण में मुख्य रूप से किसे शामिल किया जाता है?
(अ) आकाश (ब) मैदान (स) नदी व पहाड़ (द) ये सभी
3. प्राकृतिक दृश्य चित्रण में जल रंग प्राय: किस रूप में प्रयोग किए जाते हैं?
(अ) गहरे रंग (ब) हल्के व पतले रंग (स) काले रंग (द) सफेद रंग
4. मैदानों के रास्ते और पगडण्डियों को सामान्यत: किस रंग से दर्शाया जाता है?
(अ) लाल रंग (ब) पीला रंग (स) नारंगी रंग (द) बैंगनी रंग
5. झोपड़ियों के चित्रण में छप्परों में किस रंग का प्रयोग किया जाना चाहिए?
(अ) सफेद रंग (ब) गुलाबी रंग (स) कोबाल्ट ब्लू (द) पीला
6. पहाड़ियों को किस रंग से चित्रित कर प्रदर्शित किया जाता है अथवा दिखाया जाता है?
(अ) बैंगनी रंग (ब) काले रंग (स) पीला रंग (द) नारंगी रंग
7. प्राकृतिक चित्रण में आकाश के ऊपरी भाग को किस रंग से प्रदर्शित किया जाता है?
(अ) नीला (ब) पीला (स) काला (द) हरा
8. उषाकाल का आकाश सामान्यत: किस रंग से चित्रित किया जाता है?
(अ) हल्के नीले (ब) पीले (स) नारंगी (द) ये सभी
9. शरद ऋतु की रात का चित्रण करने में किसका प्रयोग किया जाता है?
(अ) बैंगनी रंग (ब) गहरा हरा रंग (स) हरा रंग (द) नीला रंग
10. प्राकृतिक दृश्य चित्रण में हल्के एवं गहरे मोड़ देने में किस प्रकार के रंगों का विशेष महत्व है?
(अ) लाल एवं पीला (ब) नीला एवं पीला
(स) सफेद एवं काले रंग (द) हरा एवं काला

modelpaper.info

## अथवा ( आलेखन )

1. आलेखन के लिये कौन–सी अनिवार्य शर्त को महत्वपूर्ण माना जाता है?
   (अ) आकर्षक होना (ब) लय पूर्ण होना (स) व्यवस्थित होना (द) ये सभी

2. बनावट के आधार पर आलेखन कला को कितने प्रकारों में बाँटा जाता है?
   (अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) पाँच

3. फूल–पत्तियों और कलियों के संयोजन से बने आलेखन होते हैं–
   (अ) प्राकृतिक आलेखन (ब) आलंकारिक आलेखन
   (स) ज्यामितीय आलेखन (द) सूक्ष्म आलेखन

4. सूक्ष्म आलेखन की रचना किस प्रकार के आलेखनों के मिश्रण से होती है?
   (अ) प्राकृतिक (ब) आलंकारिक (स) ज्यामितीय (द) ये सभी

5. निम्नलिखित में से कौन धरातलीय आलेखन को प्रदर्शित करते हैं?
   (अ) बेड शीट (ब) पर्दे (स) कपड़े (द) ये सभी

6. निम्नलिखित में से कौन–से आलेखन के तत्व हैं?
   (अ) संतुलन रूप (ब) प्रभावित (स) लयात्मकता (द) ये सभी

7. रंग योजना के अन्तर्गत मूल रंगों में किसे शामिल नहीं किया जाता है?
   (अ) लाल (ब) पीला (स) हरा (द) नीला

8. आस्टवॉल्ड के अनुसार आदर्श रंगों की श्रेणी में कौन–से रंग शामिल होते हैं?
   (अ) गहरा हरा, आसमानी और धानी (ब) लाल व बैगनी
   (स) पीला व नारंगी (द) ये सभी

modelpaper.info

9. निम्नलिखित में से कौन सी आलेखन में रंग भरने की विधि है?
   (अ) हल्की पृष्ठ भूमि वाली विधि (ब) गहरी पृष्ठ भूमि वाली विधि
   (स) एकाकी रंग संगति वाली विधि (द) ये सभी

10. आदर्श रंग चक्र के अन्तर्गत गर्म रंग में शामिल होते हैं?
    (अ) लाल (ब) पीला (स) नारंगी (द) ये सभी

## अथवा ( प्राविधिक कला ) (प्रत्येक 1 अंक)

1. किसी त्रिभुज में अधिकतम कितने कोण न्यूनकोण हो सकते हैं?
   (अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) निश्चित नहीं किया जा सकता

2. किसी त्रिभुज में कितने अधिककोण सम्भव है?
   (अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) उपर्युक्त सभी

3. किस त्रिभुज की सभी भुजाएँ समान होती हैं?
   (अ) समद्विबाहु त्रिभुज (ब) विषम बाहु त्रिभुज
   (स) समबाहु त्रिभुज (द) समकोण समद्वि बाहु त्रिभुज

4. एक समकोण की रचना करने के लिए कितने चाप लगाये जायेगें–
   (अ) 1 (ब) 2 (स) 4 (द) 5

5. वह चतुर्भुज जिसके विकर्ण परस्पर लम्ब समद्विभाजित करते हैं–
   (अ) आयत (ब) समान्तर चतुर्भुज (स) समलम्ब चतुर्भुज (द) समचतुर्भुज

6. वृत्त पर बाह्य बिन्दु से कितनी स्पर्श रेखाएं खींची जा सकती हैं–
   (अ) 1 (ब) 2 (स) असंख्य (द) शून्य

7. एक त्रिभुज की रचना करने के लिये कितने अंगों की आवश्यकता होती है?
(अ) दो अंग (ब) तीन अंग (स) चार अंग (द) छः अंग
8. प्राविधिक कला आधारित है-
(अ) गणितीय विधि पर (ब) गणितीय निर्णय पर
(स) यूक्लिड की ज्यामिति पर (द) प्रमेय व निर्णय दोनों पर
9. वृत्त की दो बाह्यत स्पर्शियाँ परस्पर प्रतिच्छेद करती है?
(अ) वृत्त के अन्दर (ब) वृत्त के बाहर (स) प्रतिच्छेद नहीं करती (द) वृत्त पर
10. प्राविधिक कला में से किस कोण की रचना सम्भव नहीं है?
(अ) 45° (ब) 30° (स) 75° (द) 22°

खण्ड-'ख' [ स्मृति चित्रण ] (प्रत्येक 1 अंक)

11. किसी अनुभूतित वस्तुओं का चित्रण करना सामान्यतः क्या कहलाता है?
(अ) स्मृति चित्रण (ब) मानव चित्रण (स) प्राकृतिक चित्रण (द) दृश्य चित्रण
12. स्मृति चित्रण में चित्रकार के किस गुण व शक्ति को देखा जाता है?
(अ) स्मृति चेतना (ब) निरीक्षण शक्ति (स) स्मृति कौशल (द) ये सभी
13. स्मृति चित्रण किसके विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है?
(अ) स्मृति चेतना (ब) कलात्मक अभिरुचि (स) अभिव्यक्ति क्षमता (द) ये सभी
14. चित्रण को प्रभावी बनाने में किसका विशेष योगदान होता है?
(अ) छाया का (ब) प्रकाश का (स) पैंसिल का (द) ये सभी
15. स्मृति चित्रण में वृत्त का दीर्घवृत्त के रूप में चित्रण किसके कारण किया जाता है?
(अ) त्रिज्या (ब) परिधि (स) व्यास (द) क्षेत्रफल
16. नेत्र दशा के अन्तर्गत दूर की वस्तुएँ आगे कैसी नजर आती हैं?
(अ) छोटी (ब) बड़ी (स) बराबर (द) बहुत ही बड़ी
17. स्मृति चित्रण विधि के अनुसार वस्तुओं का आकार होता है?
(अ) आयताकार (ब) बेलनाकार (स) वृत्ताकार (द) ये सभी
18. निम्न में से कौन सा बेलनाकार आकृतिक का चित्रण है?
(अ) माचिस (ब) पुस्तक (स) सिलेण्डर (द) अमरूद
19. निम्न में से कौन-सी वृत्ताकार आकृति की वस्तुएँ है?
(अ) फुटबॉल (ब) अमरूद (स) मिट्टी का घड़ा (द) ये सभी
20. स्मृति चित्रण में छाया को दिखाने के लिए किस रेखा का प्रयोग किया जाता है?
(अ) लाल रेखा (ब) सफेद रेखा (स) मोटी रेखा (द) बड़ी रेखा

भाग- 'ब' [ खण्ड-'क' ]

प्राकृतिक दृश्य चित्रण

1. 22 x 18 सेमी के आयत में निम्न दृश्य चित्र बनाइए। दृश्य चित्र जल रंगों अथवा पेस्टल रंगों से तैयार कीजिए।
हरे भरे खेतों में कुछ वृक्षों के साथ ग्रामीण प्रातः कालीन दृश्य चित्रण बनाइए।

अथवा

modelpaper.info

[ आलेखन ]

16 सेमी व्यास वाले वृत्त में एक पूर्ण इकाई वाले मौलिक आलेखन की रचना कीजिए, जो किसी भारतीय पुष्प, उसकी पत्तियों एवं कलियों पर आधारित हो। आलेखन फर्श के मध्य के लिए उपयुक्त हो। आलेखन में तीन जल रंगों का प्रयोग कीजिए। 35

अथवा

[ प्राविधिक कला ]

निर्देश : किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. एक समद्विबाहु त्रिभुज बनाइए, जिसका प्रत्येक आधार कोण 50° का हो। इसके अन्तर्गत एक अर्द्धवृत्त की रचना कीजिए।
2. 2.5 सेमी त्रिज्या के दो समान वृत्तों के केन्द्र 8 सेमी की दूरी पर हैं। दोनों वृत्तों की बाह्य उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा खींचिए।
3. 3 सेमी त्रिज्या के एक वृत्त के परिगत समपंचभुज की रचना कीजिए।
4. 6 सेमी की रेखा अ ब पर एक समबाहु त्रिभुज की रचना करो।

खण्ड–'ख'

स्मृति चित्रण

1. निम्नलिखित में से किसी एक का चित्रण पेंसिल से बनाइए। चित्र आकार में 15 सेमी से कम न हो।

(अ) सुराही (ब) बाल्टी

(स) लालटेन (द) गमला एवं हजारा

modelpaper.info